## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का कल होगा अंतिम संस्कार, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।**
- **राज्य में राजकीय शोक के कारण कल रांची में आयोजित मइंया सम्मान योजना कार्यक्रम को सरकार ने किया स्थगित, जल्द होगी नई तिथि की घोषणा।**
- **राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर इरफान अंसारी ने रिम्स का किया निरीक्षण, अधिकारियों को व्यवस्था में आवश्यक सुधार लाने का दिया निर्देश।**
- **एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, धनबाद में दो सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार, हथियार के साथ छह अपराधी भी पकड़े गये।**
- **रांची समेत राज्य के कई जिलों में कल से बदलेगा मौसम, आसमान में छाये रहेंगे बादल, कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान।**

*****************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा कल सवेरे साढे नौ बजे नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से शमशान घाट तक जाएगी। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि कल सुबह उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा, जहां जनता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे।

*****************

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से पूरा राष्ट्र शोक में है। केन्द्र सरकार ने उनके निधन पर सात दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश के कई नेताओं ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। बाद में एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह का जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है।

*****************

इधर, झारखंड में भी डाक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्याप्त है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने सात दिनों का राजकीय शोक की भी घोषणा की है। सरकार ने रांची के नामकोम स्थित आर्मी मैदान में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया है। कार्यक्रम की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

*****************

ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। रांची में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह एक महान अर्थशास्त्री थे, जो आर्थिक उदारीकरण के पुरोधा थे।

*****************

पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर राज्य के पूर्व वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने भी शोक जताया है। डा. उरांव ने कहा कि मनमोहन सिंह आदिवासी हितों के संरक्षक थे। झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी शोक जताते हुए कहा कि उनकी वजह से ही आज झारखंड की सभी आदिवासी सीटें बरकरार हैं।

*****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर इरफान अंसारी ने आज रांची स्थित रिम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों और पेशेंट वार्ड का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को व्यवस्था में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को दुरुस्त करने की दिशा में काम किया जा रहा है। विभागीय सचिव ने कहा कि रिम्स में सबसे पहले इमरजेंसी सेवा को दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है।

*****************

अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने धनबाद से कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के छह शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन ने बताया किगुप्त सूचना मिली थी कि प्रिंस खान गिरोह के कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया।

******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने धनबाद जिला अभिलेखागार कार्यालय के प्रधान सहायक संजय कुमार और उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को आज साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी डीएसपी जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि एक जमीन का दस्तावेज निकालने के नाम पर प्रधान सहायक द्वारा रिश्वत ली जा रही थी।

******************

कोडरमा में साल 2024 रेलवे के आधारभूत संरचना में बदलाव के लिए जाना जाएगा।

******************

रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र स्थित सीसीएल कॉलोनी से हाथियों के झुंड को बाहर निकालने में पुलिस और वन विभाग की टीम सफल हो गयी है। गौरतलब है कि कल रात कॉलोनी में जंगली हाथियों का झुंड घुस आया था। फारेस्ट ऑफिसर नीतीश कुमार ने बताया कि हाथियों को जंगल की ओर भगाने के लिए रामगढ़ में दो क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है।

******************

राज्य में कल से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 28 और 29 दिसंबर को आसमान में बादल छाये रहेंगे और रांची समेत राज्य को कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद तापमान नीचे आयेगा जिससे ठंड और बढ़ेगी।

*******समाप्त********